मध्य प्रदेश पीएम पोषण शक्ति निर्माण पोर्टल पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

एनआईसी मध्य प्रदेश ने राज्य में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत सरकारी एवं सहायता प्राप्त विध्यालयों तथा मदरसों मे कक्षा 1 से 8 तक के विध्यार्थियों के लिए मध्यान्न भोजन सुविधा के निर्बाध और नियम-आधारित कार्यान्वयन के लिए प्रक्रियाओं की पुनर्रचना और सरलीकरण के लिए एक अनूठी पहल की है । फलस्वरूप मध्य प्रदेश पीएम पोषण शक्ति निर्माण पोर्टल निर्माण किया गया ।

पोर्टल के सुचारु संचालन हेतु भोपाल मे Mid Day Meal Council, GoMP की 52 जिलों की फील्ड टीमो के लिए 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 से 6 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया गया | व्यावहारिक सत्रों को सुविधाजनक बनाने व केंद्रित और इंटरैक्टिव अनुभव सुनिश्चित करने हेतु कार्यक्रम को 13 जिलों के छोटे समूहो में विभाजित किया गया | प्रशिक्षण में योजना के कार्यान्वयन के लिए पोर्टल के सभी पहलुओं जैसे कि खाध्यान्न-वितरण, eRO, ePO, मोनिटरिंग हेतु केपीआई के लिए डैशबोर्ड, संवेदनशील मुद्दों और स्कूल मूल्यांकन के लिए quality parameters को दर्ज करने हेतु   निरीक्षण ऐप का उपयोग करने की रणनीतियों को सम्मिलित किया गया ।

सत्र की अध्यक्षता संयुक्त आयुक्त ग्रामीण विकास श्री इंदर सिंह ठाकुर एवं सुश्री सीमा खान ने संयुक्त रूप से की। एनआईसी मध्य प्रदेश के श्री अंबुज जैन, संयुक्त निदेशक (IT) द्वारा पोर्टल के कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी |

श्री अंबुज जैन, संयुक्त निदेशक (IT) द्वारा संकलित